श्रावण कृष्ण पक्ष अष्टमी 05:02 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 18 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 238, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

**PAGE NO 5 : TOP**

## एसआरएमएस रिद्धिमा और सोनी इंडिया के बीच हुआ एमओयू

**बरेली, अमृत विचार :** कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में एसआरएमएस रिद्धिमा और सोनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर गुरुवार को हस्ताक्षर हुए। एसआरएमएस रिद्धिमा में इसी वर्ष से प्रोफेशनल फोटोग्राफी में 3 माह, 6 माह, एवं 1 वर्ष के डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ हुए हैं, जिनके अंतर्गत विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इस एमओयू के तहत सोनी इंडिया चयनित डिजिटल इमेजिंग उत्पादों को शैक्षणिक उपयोग और छात्रों की आंतरिक परियोजनाओं के लिए विशेष रियायती दरों पर उपलब्ध कराएगा। संस्थान के प्रबंध न्यासी देव मूर्ति ने कहा कि यह समझौता हमारे छात्रों को न केवल तकनीकी संसाधन प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें वैश्विक मंचों पर पहचान बनाने का अवसर भी देगा। छात्रों को शैक्षणिक उपयोग के लिए सोनी के विशेष उत्पाद रियायती दरों पर उपलब्ध होंगे। इसके साथ कार्यशालाओं और सेमिनार के माध्यम से छात्रों को प्रत्यक्ष रूप से समझने और उपयोग करने का अवसर मिलेगा।